HANSRAJ COLLEGE
University Of Delhi
NAAC Grade A+ with CGPA 3.62

2017-2018

Name of the Department/Society: हिंदी साहित्य परिषद्, हिंदी विभाग
Name of the Event 1: वैश्विक पटल पर हिंदी
Date of the Event: 14th September 2017

हिंदी विभाग द्वारा संचालित हिंदी साहित्य परिषद् द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य में 14 सितम्बर 2017 को 'हिंदी महोत्सव' का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 14 सितम्बर को 'वैश्विक पटल पर हिंदी' विषय पर अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विख्यात कवि लक्ष्मीशंकर वाजपेयी तथा चर्चित पत्रकार श्री प्रतिबिम्ब शर्मा ने अपना वक्तव्य दिया। लक्ष्मीशंकर वाजपेयी ने भारत से बाहर के देशों में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता और स्वीकार्यता के संबंध में अनेक उदहारण दिए। उन्होंने कहा कि विदेशी शिक्षा संस्थानों और मंदिरों में हिंदी के प्रति सम्मान का भाव है, उसी तरह हमें अपने देश में भी हिंदी के प्रति सम्मान की भावना का विकास करना होगा। दूसरे वक्ता प्रतिबिम्ब शर्मा ने हिंदी पत्रकारिता और सिनेमा के माध्यम से बढ़ती हिंदी की लोकप्रियता और वैश्विक बाज़ार में उसकी स्वीकार्यता के संबंध में महत्वपूर्ण बातें रखी। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा के सान्निध्य में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संबोधन विभाग के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार शर्मा किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीतू शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन पल्लव ने किया।

कार्यक्रम में हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापकों एवं अधिकतर विद्यार्थियों ने भाग लिया।

संयोजक : डॉ. राजेश कुमार शर्मा

परामर्श : डॉ. नीतू शर्मा

छात्र अध्यक्ष : पल्लव

Name of the Department/Society: **हिंदी साहित्य परिषद्, हिंदी विभाग**
Name of the Event 2: हिंदी विभाग द्वारा संकाय संवर्धन कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन
Date of the Event: 20th and 21st November 2017

हिंदी विभाग हंसराज महाविद्यालय द्वारा 2 दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन 20-21 नवम्बर 2017 को किया गया . "सीबीसीएस पाठ्यक्रम में हिंदी शिक्षण के नवीन आयाम और अध्ययन अध्यापन की चुनौतियां " विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार रखे . कार्यक्रम में अलग अलग महाविद्यालयों के शोधार्थियों और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया . कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के एक्टिंग वाइस चांसलर प्रो. सुधीश पचौरी एवं हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रमा ने किया . मुख्य वक्ताओं में हिंदी विभाग के प्रोफ़ेसर गोपेश्वर सिंह , पद्मश्री अशोक चक्रधर , अजय नावरिया भाषाविद विमलेश कांति वर्मा आदि वक्ताओं ने अलग अलग सत्रों में प्रतिभागियों को सम्बोधित किया . कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने किया .

भाषण प्रतियोगिता : पुस्तक संस्कृति

संयोजक : डॉ. राजेश कुमार शर्मा

Name of the Department/Society: हिंदी साहित्य परिषद्, हिंदी विभाग
Name of the Event 3: हिंदी भाषण प्रतियोगिता
Date of the Event: 12/01/2018

हिंदी साहित्य परिषद् एवं दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी 2018 को 'पुस्तक संस्कृति' पर हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग साठ प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगित ने पुस्तकों के वर्तमान और भविष्य की उपयोगिता पर महत्वपूर्ण बातें रखी।।.

Name of the Department/Society: हिंदी साहित्य परिषद्, हिंदी विभाग
Name of the Event 4: "साहित्योत्सव 2018 "
Date of the Event: 23/02/2018

हिंदी विभाग हंसराज महाविद्यालय द्वारा साहित्योत्सव -2018 का आयोजन किया गया . इसमें विभिन्न साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिससे विद्यार्थियों की साहित्यिक अभिरुचियों को मंच दिया जा सके . इस उत्सव में स्वरचित कविता प्रतियोगिता एवं रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में अलग अलग महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया . स्वरचित काव्य प्रतियोगिता में अलग अलग मुद्दों पर आधारित कविताओं ने मन मोह लिया . विजेताओं को प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया .